# कार्यालय, प्रभागीय वनाधिकारी, मसूरी वन प्रभाग, मसूरी

पत्रांक–212 / 12–1, दिनांकः मसूरी, 18/7/2018। पत्रांक 1158
फाईल 21
दिनांक 19-7-2018

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0,
थत्यूड़ (टिहरी गढ़वाल)।

विषयः– जनपद–टिहरी गढ़वाल के जौनुपर ब्लौक के अन्तर्गत हनुमान मंदिर से स्यालसी–गोरण मोटर मार्ग के निर्माण हेतु वांछित 0.8775 है0 वन भूमि का वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत् गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन का प्रस्ताव।

सन्दर्भ :– राज्य सरकार, वन एंव पर्यावरण अनुभाग–4, उत्तराखण्ड शासन की पत्र सं0 857 / X–4–17 / 1(119) / 2017, दिनांक 25–04–2018 एंव अपर प्रमुख वन संरक्षक एंव नोडल अधिकारी वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून की पत्र सं0 3622 / FP/UK/ROAD/15216/2015, दिनांक 09 मई, 2018

महोदय,

अपर प्रमुख वन संरक्षक एंव नोडल अधिकारी वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून का उक्त सन्दर्भित पत्र जो आपको सम्बोधित तथा इस कार्यालय को पृष्ठांकित है का अवलोकन करने का कष्ट करें। राज्य सरकार, वन एंव पर्यावरण अनुभाग–4, उत्तराखण्ड शासन में उल्लिखित प्राविधानों द्वारा प्रदत्त प्राधिकार के तहत् निम्नलिखित शर्तों / प्रतिबन्धों के अधीन जारी सैद्धान्तिक स्वीकृति एंव अपर प्रमुख वन संरक्षक एंव नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून के उक्त सन्दर्भित पत्र के द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में विषयांकित कार्य हेतु प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा निर्धारित देय धनराशियों का विवरण निम्न प्रकार हैः–

| क0सं0 | कार्य का विवरण | क्षेत्रफल (है0 में) / पौध | दर | देय धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | परियोजना स्थल के आसपास रिक्त पड़े स्थानों यथोचित / प्रस्तावित मार्ग के में कार्यस्थल पर प्रभावित / वाधिसत होने वाले वृक्षों की दस गुनी संख्या में वृक्षारोपण एंव 10 वर्षो तक रखरखाव। | 7 वृक्ष x 10=70 पौध | 1100 / पौध | 77000.00 |
| 2. | एन0पी0वी0 | 0.8775 है0 | 657000.00 / है0 | 576518.00 |
| | | योग :– | | 653518.00 |

अतः उक्तानुसार आनलाईन चालान जनरेट कर देय धनराशि / धनराशियों के भुगतान हेतु सैद्धान्तिक स्वीकृति की शर्त संख्या 1 व 2 तथा अन्य शर्तो 3, 4, 5, 6 एंव 7 की अनुपालन आख्या मय संलग्नकों सहित आनलाईन करते हुए संगत दस्तावेजों / अनुपालन आख्या तीन प्रतियों में अग्रेतर कार्यवाही हेतु इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

<u>संलग्नः–प्राक्कलन की एक(01) प्रति।</u>

भवदीया

(कहकशां नसीम)
प्रभागीय वनाधिकारी,
मसूरी वन प्रभाग, मसूरी।

पत्रांक 212 / दिनांकित।

प्रतिलिपि – अपर प्रमुख वन संरक्षक एंव नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून को उक्त सन्दर्भित पत्र के क्रम में सादर प्रेषित।

(कहकशां नसीम)
प्रभागीय वनाधिकारी,
मसूरी वन प्रभाग, मसूरी।

JE (T) / अमीन
19/07/18
19/07/2018